आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 18.05.2026 **समय** : 02.10PM

प्रधानमंत्री–नॉर्वे यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नॉर्वे के ओस्लो पहुंचे। इस दौरे में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय वार्ता और तीसरा भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन शामिल है। यह दौरा नॉर्डिक देशों के साथ भारत के संबंधों को गति प्रदान करेगा। पेश है एक रिपोर्ट–

अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरा

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में 112 नम्बर वाली आपातकालीन सेवाओं के लिए चार सौ नए अत्याधुनिक वाहनों को रवाना किया। श्री शाह आज जगदलपुर पहुंचकर अमर वाटिका में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वे जगदलपुर स्थित बादल अकादमी में शहीदों के परिजनों, सुरक्षा बलों के जवानों, नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों और विभिन्न स्थानीय समाज के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे। शाम को वे 'बस्तर के संग' लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

जम्मू–कश्मीर – अमरनाथ यात्रा

श्री अमरनाथ यात्रा 2026 से पहले जम्मू–कश्मीर में सेना ने रामबन जिले में ग्राम रक्षा समूहों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य स्थानीय सुरक्षा बढ़ाना, तैयारियों में सुधार करना और तीर्थयात्रा मार्ग पर रहने वाले निवासियों के साथ समन्वय स्थापित करना था।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। झाबुआ जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, सागर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, और इंदौर संभाग के कई जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है । विभाग ने लोगों से धूप में निकलते समय सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीने की अपील की है।

पेपरलेस कार्य

प्रदेश में पेपरलेस कार्य संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नागरिकों को एमपी ई–सेवा पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर सरकार के 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध हैं। प्रदेश में साइबर तहसीलों की स्थापना हो चुकी है। इस नवाचार को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी मिल चुका है। भोपाल में देश के पहले साइबर पंजीयन कार्यालय की शुरुआत की गई है। प्रदेश में ई–जीरो एफआईआर का भी शुभारंभ किया गया है। मंत्रि–परिषद की कार्यवाही पूर्णत पेपरलैस हो चुकी है, जिससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी बढ़ी है। प्रदेश में सुशासन के साथ ग्रीन गवर्नेंस को भी बढ़ावा मिल रहा है।

मध्य प्रदेश लीग

मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 का आयोजन 3 जून से इंदौर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग की 10 और महिला वर्ग की 5 टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग के टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 3 जून को होलकर स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे ग्वालियर चीता्स और उज्जैन फाल्कन्स के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग की प्रतियोगिता 4 जून से शुरू होगी, जहां पहले मुकाबले में चंबल घड़ियाल्स का सामना ग्वालियर शेरनिस से होगा। एमपीएल 2026 का फाइनल मुकाबला 26 जून को शाम साढ़े सात बजे इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित होगा।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरणविद एवं प्रखर चिंतक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल माधव दवे जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- शिवपुरी जिले में विद्युत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।
- नर्मदापुरम जिले के विकासखंड केसला में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
- जबलपुर जिले में कुण्डम विकासखंड जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण करने वाला पहला जनगणना विकासखंड बन गया है।
- आगरमालवा जिले में किसानों को ई–टोकन प्रणाली के माध्यम से सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।
- सतना जिले में पुरुषोत्तम मास के पहले सोमवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया।